समाचार

# अटल जी ने बनाया छत्तीसगढ़, मोदी जी इसे संवार रहे – उद्योग मंत्री

## (उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षत में आयोजित हुआ सुशासन दिवस कार्यक्रम )

## (राजधानी रायपुर में आयोजित सुशासन दिवस समारोह के लाईव प्रसारण में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के अभिभाषण को सुना अतिथियों व नागरिकों ने)



कोरबा 25 दिसम्बर 2025 – प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने आज सुशासन दिवस के अवसर पर कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटलबिहारी बाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया और अब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हमारे छत्तीसगढ़ को संवारने का काम कर रहे हैं। उन्होने कहा कि श्रद्धेय अटल जी के संबंध में जितना भी कहा जाए, वह कम है, उन्होने अपने सम्पूर्ण राजनीतिक जीवन में कभी भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया, वे एक ऐसे महान व्यक्तित्व के स्वामी थे, जिनका सम्मान विपक्षी नेता भी करते थे तथा देश का हर वर्ग उनकी कार्यशैली, उनके आचरण व उनके सिद्धांतों का कायल था।

उक्त बातें उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने कोरबा में आयोजित सुशासन दिवस के अवसर पर कही। देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व.अटलबिहारी बाजपेयी जी की 101 वीं जयंती पर आज जिला प्रशासन व नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा विवेकानंद उद्यान के सामने स्थित अटल परिसर में सुशासन दिवस का आयोजन किया गया, आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप में उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने

कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति प्रदान की, कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के द्वारा की गई, तो वहीं कार्यक्रम में सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री गोपाल मोदी, प्रभारी कलेक्टर व निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय सहित निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण व पार्षदगण उपस्थित थे। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने अटल परिसर में स्थापित अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं कार्यक्रम की शुरूआत कराई, वहीं राजधानी रायपुर में आयोजित सुशासन दिवस समारोह के लाईव प्रसारण में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा दिए गए अभिभाषण का श्रवण भी अतिथियों व नागरिकों के द्वारा किया गया, उपस्थितजन राजधानी रायपुर के उक्त सम्पूर्ण आयोजन में आनलाईन रूप से शामिल भी हुए। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने आगे कहा कि आज अत्यंत शुभ दिन है, अटल जी की जन्मजयंती के दिन आज प्रदेश के 115 शहरों में अटल परिसर का लोकार्पण हुआ है, उन्होने कोरबा में निर्मित अटल परिसर की सराहना करते हुए कहा कि निश्चित रूप से यह सर्वश्रेष्ठ अटल परिसर है। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने आगे कहा कि डॉ.रमन सिंह ने अपने मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल में प्रदेश के गांव–गांव में अटल चौक का निर्माण कराया था, और अब मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय व उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरूण साव प्रदेश के सभी शहरों में अटल परिसर का निर्माण कराया है।

**भारतीय राजनीति के युगपुरूष थे अटल जी** – इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतरत्न स्व.अटलबिहारी बाजपेयी भारतीय राजनीति के युग पुरूष थे, उन्होने अपने राजनीतिक जीवन में नये आदर्शो को गढ़ा तथा कभी भी अपने सिद्धांतों के साथ कोई समझौता नहीं किया। अटल जी अपने अटल निर्णयों के लिए जाने जाते थे, अटल जी को कभी सत्ता का मोह नहीं था, उनका जीवन देश की सेवा व जनहित के लिए समर्पित था। महापौर श्रीमती राजपूत ने आगे कहा कि निगम द्वारा अटल जी की जन्मजयंती के उपलक्ष्य में विगत 19 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक अपने सभी जोन कार्यालयों में सुशासन दिवस शिविर आयोजित किए गए तथा आमजनता की समस्याओं का निराकरण किया गया। उन्होने कहा कि जनताजनार्दन की समस्याओं का निराकरण कर कोरबा को समस्यामुक्त शहर बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**अटल जी ने स्थापित किए महान आदर्श** – इस अवसर पर आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज का दिन एक ऐसे जन नेता की जन्मजयंती का दिन है, जिन्होने अपने महान आदर्शो को स्थापित किया तथा इन आदर्शो पर अडिग रहे, उनकी जयंती को हम सुशासन दिवस के रूप में मनाते हैं। आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम द्वारा विगत 19 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक अपने सभी 07 जोन कार्यालयों में आयोजित किए गए गुड गवर्नेस वीक शिविरों के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि इन शिविरों में कुल 618 आवेदन प्राप्त हुए, इनमें से जिन आवेदनों व समस्याओं का तत्काल निराकरण संभव था, ऐसे 162 आवेदन तत्काल निराकृत किए गए, शेष 456 आवेदन पत्र विभिन्न समस्याओं व मांग से संबंधित हैं, जिन्हें आवश्यक प्रक्रिया में लेकर समयसीमा में उनका निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

**अटल जी की सख्शियत अद्वितीय** – इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री गोपाल मोदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटलबिहारी बाजपेयी की सख्शियत भारतीय राजनीति में अद्वितीय रही है, उन्हें अजातशत्रु भी कहा जाता था, अटल जी ने अपने कार्यकाल में भारत की दशा व दिशा बदलने का कार्य भी किया वे कहते थे कि भारत कोई जमीन का टूकड़ा नही बल्कि एक साक्षात राष्ट्रपुरूष है। अटल जी की सरकार एक वोट से भले ही गिर गई थी, किन्तु उन्होने अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया, जबकि वे चाहते तो आसानी से समझौता कर अपनी सरकार को बचा सकते थे।

इस अवसर पर सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर के साथ ही वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, अशोक चावलानी, लक्ष्मण श्रीवास, सत्येन्द्र दुबे, ममता यादव, अजय चन्द्रा, रामकुमार साहू, धनश्री साहू, राकेश वर्मा, अजय गोंड़, प्रताप सिंह कंवर, उर्वशी राठौर, सुलोचना यादव, सीमा कंवर, प्रीति शर्मा, मण्डल अध्यक्ष राजेश राठौर, योगेश मिश्रा, मनोज लहरे, मनीष मिश्रा, दिलेन्द्र यादव, योगेश जैन, नवीन अरोरा, अजय विश्वकर्मा, जगदीश श्रीवास, प्रकाश अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, नारायण सिंह ठाकुर, परविंदर सिंह सहित अन्य पार्षद व जनप्रतिनिधिगण, निगम के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।